CMYK

Website : www.highwaychannel.in

छत्तीसगढ़ का सर्वाधिक प्रसारित शाम का अखबार

# हाईवे चैनल

वर्ष- 29 अंक- 142 रायपुर, सोमवार 15 जून 2026 पृष्ठ-8 मूल्य- 2.50 रुपया • रायपुर • जगदलपुर से प्रकाशित RNI रजिस्ट्रेशन नं. 68139/98

### दुनिया को 107 दिन बाद राहत

## ईरान से डील बाद ट्रंप का नौसैनिकों को आदेश- होर्मुज से हटा दो सारी नाकेबंदियां

**नई दिल्ली, 15 जून (न्यूज चैनल)।** अमेरिका और ईरान के बीच 107 दिन तक जारी रहे युद्ध को समाप्त करने तथा होर्मुज जलडमरूमध्य को फिर से खोलने पर सहमति बन गई है। इस घटनाक्रम से वैश्विक अर्थव्यवस्था को राहत मिलने की उम्मीद है। हालांकि, इस समझौते का विस्तृत ब्योरा अभी सामने नहीं आया है। मुख्य मध्यस्थ पाकिस्तान और अमेरिका के अधिकारियों ने बताया कि समझौते पर शुक्रवार को स्विट्जरलैंड में हस्ताक्षर किए जाएंगे और इसमें ईरान के परमाणु कार्यक्रम जैसे अहम मुद्दों पर बाद में चर्चा होने की संभावना है। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने समझौते पर सहमति बनने की पुष्टि करते हुए कहा कि उन्होंने होर्मुज जलडमरूमध्य स्थित ईरानी बंदरगाहों पर अमेरिकी नौसेना की नाकेबंदी हटाने को मंजूरी दे दी है।

ट्रंप ने कहा, इस्लामिक गणराज्य ईरान के साथ समझौते को अंतिम रूप दे दिया गया है। सभी को बधाई। मैं मुक्त आवाजाही के लिए होर्मुज जलडमरूमध्य को तत्काल प्रभाव से पूरी तरह खोलने और अमेरिकी नौसैनिक नाकेबंदी हटाने की मंजूरी देता हूं। अमेरिका पहले ही संकेत दे चुका था कि होर्मुज



जलडमरूमध्य के फिर से खुलने के साथ वह ईरानी बंदरगाहों पर लगी नाकेबंदी में ढील देगा। साथ ही, वह प्रतिबंधों को भी नरम करने पर सहमत होगा ताकि ईरान अधिक मात्रा में तेल बेच सके और युद्ध तथा प्रतिबंधों से प्रभावित अपनी अर्थव्यवस्था को मजबूती दे सके। ईरान के उप विदेश मंत्री काजेम गरीबाबादी ने सरकारी टेलीविजन पर इस समझौते पर सहमति की पुष्टि की लेकिन कहा कि ईरान शुक्रवार को औपचारिक हस्ताक्षर होने से पहले इसे लागू करना शुरू नहीं करेगा। उन्होंने कहा कि यह सहमति मध्यस्थ की भूमिका निभा रहे कतर के एक प्रतिनिधि के साथ तेहरान में 14 घंटे से अधिक समय तक चली वार्ता के बाद बनी। ईरान के सरकारी टेलीविजन ने एक बैनर प्रसारित किया, जिस पर लिखा था, अमेरिका युद्ध समाप्त करने के समझौते पर हस्ताक्षर करने के लिए मजबूर हुआ।

### पीएम मोदी बोले- सहमति का स्वागत, बाकी मुद्दों पर बातचीत से टिकाऊ और अंतिम समझौते की आशा



पीएम मोदी ने अमेरिका-ईरान के बीच शांति समझौते के एलान पर प्रतिक्रिया देते हुए इसका स्वागत किया और कहा कि उम्मीद है कि इससे दुनिया में स्थिरता आएगी। पीएम मोदी ने सोशल मीडिया पर साझा पोस्ट में लिखा मैं पश्चिम एशिया में संघर्ष को खत्म करने के लिए अमेरिका और ईरान के बीच बनी सहमति का स्वागत करता हूं। इस संघर्ष के कारण दुनिया भर में गंभीर आर्थिक उथल-पुथल हुई है और कई देशों में जान-माल का नुकसान हुआ है।

### होर्मुज जलडमरूमध्य खुलने से तेल बाजार में गिरावट

*पश्चिम एशिया में पिछले कई महीनों से जारी तनाव और संघर्ष के बीच अब एक बड़ा कूटनीतिक मोड़ सामने आता दिखाई दे रहा है। 28 फरवरी से शुरू हुई जंग के बाद पहली बार ऐसा संकेत मिला है कि हालात युद्ध से बातचीत की दिशा में बढ़ सकते हैं। अमेरिका और ईरान के बीच शांति समझौते को लेकर सहमति बनने की खबर ने पूरी दुनिया का ध्यान अपनी ओर खींच लिया है। अगर सब तय कार्यक्रम के मुताबिक आगे बढ़ता है तो 19 जून को स्विट्जरलैंड में इस समझौते पर औपचारिक हस्ताक्षर किए जाएंगे।*

### आखिर जीत गया ईरान: ट्रंप को 300 अरब डॉलर में खरीदनी पड़ेगी शांति, 14 सूत्रीय शांति समझौते से पूरा विश्व हैरान

अमेरिका और ईरान के बीच लंबे संघर्ष के बाद शांति की दिशा में बड़ा कदम उठाया गया है। 107 दिनों तक चली जंग, अरबों डॉलर का नुकसान और वैश्विक अर्थव्यवस्था पर मंडराते संकट के बाद आखिरकार अमेरिका को शांति की राह चुननी पड़ी। प्रस्तावित समझौते के तहत ईरान को 300 अरब डॉलर के पुनर्निर्माण पैकेज, प्रतिबंधों में राहत और तेल निर्यात पर छूट जैसी बड़ी रियायतें मिलने की खबरों ने दुनिया को चौंका दिया है।

### छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट में समर वेकेशन खत्म

## आज से नियमित सुनवाई शुरू; व्हीकल शेयरिंग की सलाह, डब्ल्यूएफएच बंद

**बिलासपुर, 15 जून (हाईवे चैनल)।** छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट का ग्रीष्मकालीन अवकाश खत्म हो गया है। आज सोमवार से नियमित सुनवाई शुरू हो गई है। हाईकोर्ट प्रशासन ने 15 जून से शुरू हुए सप्ताह की कॉज लिस्ट भी जारी कर दी है। ईंधन बचत और संसाधनों के बेहतर उपयोग के लिए हाईकोर्ट प्रशासन ने अधिकारियों-कर्मचारियों को वाहन साझा कर कार्यालय आने की सलाह दी है। समर वेकेशन के दौरान लागू वर्क फ्रॉम होम व्यवस्था खत्म कर दी गई है। अब सभी अधिकारी-कर्मचारी नियमित रूप से कार्यालय पहुंचेंगे।



हाईकोर्ट में ग्रीष्मकालीन अवकाश 18 मई से शुरू हुआ था। इस दौरान नियमित सुनवाई बंद थी, लेकिन जरूरी मामलों के लिए विशेष व्यवस्था थी। अत्यावश्यक मामलों की सुनवाई अवकाशकालीन पीठों में की गई। समर वेकेशन में न्यायिक कामकाज पूरी तरह बंद नहीं था। हर सप्ताह विशेष अवकाशकालीन पीठों का गठन किया गया। सप्ताह में दो दिन खंडपीठ और एकलपीठ में जरूरी प्रकरणों पर सुनवाई हुई। कई अहम मामलों में आदेश भी पारित किए गए। नई कॉज लिस्ट के साथ सभी खंडपीठों और एकलपीठों में नियमित सुनवाई शुरू हो गई है। अधिवक्ता अब कोर्ट रूम में पेश होकर पक्ष रख सकेंगे। जरूरत पर वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग की सुविधा जारी रहेगी। नियमित कामकाज शुरू होने से लंबित मामलों के निपटारे में तेजी की उम्मीद है।

### नदी किनारे पेड़ पर फंदे से लटका मिला वृद्ध का शव, इलाके में फैली सनसनी

**खैरागढ़, 15 जून (हाईवे चैनल)।** खैरागढ़ के बोड़ला गांव में नदी किनारे पेड़ पर 60 साल के वृद्ध की फांसी पर लटकी हुई लाश मिली है. घटना से क्षेत्रवासियों में हड़कंप मच गया है। मृतक की पहचान बोड़ला निवासी गोवर्धन गोंड़ के रूप में हुई है. घटना गातापार थाना क्षेत्र की है। जानकारी के मुताबिक, गोवर्धन गोंड़ 13 जून की दोपहर भोजन करने के बाद घर से निकले थे, लेकिन वापस नहीं लौटे. परिजनों द्वारा तलाश किए जाने के बाद भी उनका पता नहीं चल सका. 14 जून को ग्रामीणों ने नदी किनारे एक पेड़ पर उनका शव लटका हुआ देखा और इसकी सूचना पुलिस को दी। बताया जा रहा है कि कुछ समय पहले भालू के हमले में घायल होने के बाद से उनका स्वास्थ्य खराब चल रहा था और वे मानसिक तनाव में भी थे. सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची।

## ब्रेकिंग न्यूज

### देश से मानसूनी बादल गायब छत्तीसगढ़-एमपी समेत 17 राज्यों में बारिश का इंतजार बढ़ा

**नई दिल्ली, 15 जून (न्यूज चैनल)।** देश में मानसून की एंट्री को 11 दिन हो चुके हैं। वहीं देश के 17 राज्यों में अभी भी मानसून नहीं पहुंचा है। इससे देश के इन राज्य के लोगों को बारिश का इंतजार बढ़ गया है। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग के मुताबिक सामान्य रूप से मानसून आने के बाद इन 12 दिनों में औसतन रूप से 53.7 मिमी तक बारिश होती है। जबकि अभी तक सिर्फ 19.2 मिमी बारिश हुई है। इसका मतलब 4-15 जून के बीच 64 प्रतिशत कम बारिश दर्ज की गई है। मानसून दक्षिण भारत से आगे बढ़ने के बाद महाराष्ट्र, तेलंगाना और आंध्र प्रदेश के आसपास ठहर गया है। वहीं, पूर्वोत्तर राज्यों को कवर करने के बाद यह बिहार, झारखंड और पश्चिम बंगाल में रुक गया है। जबकि मानसूनी गतिविधियां कमजोर होने से 17 राज्यों में बारिश का इंतजार बढ़ गया है। इनमें छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश, बिहार, उत्तर प्रदेश, दिल्ली, राजस्थान और महाराष्ट्र जैसे राज्य शामिल है।

### असम में ड्रग्स नेटवर्क पर एक्शनः रेलवे स्टेशन के पास चलता था नशे का रैकेट 10 गिरफ्तार, 79 ग्राम हेरोइन बरामद

**नई दिल्ली, 15 जून (न्यूज चैनल)।** असम के डिब्रूगढ़ जिले में एक बड़े अभियान में मादक पदार्थों की तस्करी के 10 संदिग्धों को गिरफ्तार किया गया है। इसके साथ ही कई प्रतिबंधित वस्तुओं सहित कई आपत्तिजनक वस्तुएं जब्त की गई हैं। यह जानकारी पुलिस ने सोमवार को दी। डिब्रूगढ़ के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक गौरव अभिजीत दिलीप के अनुसार, रविवार को डिब्रूगढ़ टाउन रेलवे स्टेशन के पास कालीबाड़ी क्षेत्र की हरिजन कॉलोनी में चलाए गए अभियान में हेरोइन, नकदी, वाहन, मोबाइल फोन और सोना जब्त किया गया है। अधिकारी ने बताया कि कुल 10 लोगों को गिरफ्तार कर उनसे पूछताछ की जा रही है। वहीं, पूछताछ के दौरान कई और नाम सामने आए हैं और नेटवर्क से कथित तौर पर जुड़े अन्य लोगों को पकड़ने के प्रयास जारी हैं।

## बेटे ने की मां की हत्या, पुलिस की हिरासत में आरोपी

**सक्ती, 15 जून (हाईवे चैनल)।** छत्तीसगढ़ के सक्ती जिले से एक दिल दहला देने वाला मामला सामने आया है, जहां बेटे ने घरेलू विवाद के बाद अपनी ही मां की पीट-पीटकर हत्या कर दी। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर उसे पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और आरोपी बेटे को हिरासत में ले लिया है।



यह घटना डभरा थाना क्षेत्र की है। मृतका की पहचान तिहारिन बाई के रूप में हुई है, जो कि भेड़िकोना गांव की रहने वाली थी। पड़ोसियों ने बताया कि रात में मां और बेटे के बीच किसी बात को लेकर विवाद हो रहा था। देखते ही देखते विवाद ने खूनी रूप ले लिया और उसने अपनी मां की बुरी पिटाई कर दी। इस पिटाई में महिला गंभीर रूप से घायल हो गई और उसकी मौत हो गई। इधर घटना की सूचना मिलते ही पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और महिला के शव को अपने कब्जे में लेकर उसे पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। साथ ही पुलिस ने मौके से आरोपी बेटे को भी हिरासत में ले लिया, जिससे पूछताछ जारी है।

## ब्रेक फेल होने से ऑक्सीजन टैंकर पलटा, केशकाल घाट में हड़कंप

**केशकाल, 15 जून (हाईवे चैनल)।** राष्ट्रीय राजमार्ग-30 पर स्थित केशकाल घाट में सोमवार को एक बड़ा हादसा टल गया। जगदलपुर से ओडिशा के झारसुगुड़ा जा रहा ऑक्सीजन से भरा टैंकर ब्रेक फेल होने के कारण अनियंत्रित होकर पलट गया। हादसे में चालक को मामूली चोटें आई हैं। जानकारी के अनुसार, टैंकर केशकाल घाट से गुजर रहा था। इसी दौरान घाट के दूसरे मोड़ पर वाहन के ब्रेक फेल हो गए, जिससे चालक नियंत्रण खो बैठा और टैंकर सड़क किनारे पलट गया। हादसे के बाद टैंकर से ऑक्सीजन का रिसाव शुरू हो गया।



इसे देखकर कुछ देर के लिए क्षेत्र में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस और प्रशासन की टीम मौके पर पहुंच गई। टैंकर चालक उदय ठाकुर ने बताया कि ब्रेक फेल होने के बाद उन्होंने तुरंत स्थिति को समझा और टैंक का सेफ्टी वाल्व खोल दिया। इससे ऑक्सीजन नियंत्रित तरीके से बाहर निकलती रही और टैंक के अंदर दबाव नहीं बढ़ा। चालक के अनुसार, यदि टैंक पूरी तरह बंद रहता तो दबाव बढ़ने से बड़ा हादसा हो सकता था। इससे जनहानि और संपत्ति के नुकसान की आशंका थी। उनकी समझदारी और तत्परता से संभावित खतरा टल गया।

## भिलाई में पति-पत्नी की संदिग्ध मौत, पत्नी का शव फर्श पर और पति फंदे पर मिला

**दुर्ग, 15 जून (हाईवे चैनल)।** वैशाली नगर थाना क्षेत्र के वृंदानगर में रविवार को पति-पत्नी की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत का मामला सामने आने से इलाके में सनसनी फैल गई। घर के अलग-अलग कमरों में दोनों के शव मिलने के बाद पुलिस हत्या और आत्महत्या सहित सभी पहलुओं से जांच कर रही है। मृतकों की पहचान जी. वेंकट रमन मूर्ति (55) और उनकी पत्नी जी. विद्यावती के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार घर में लंबे समय तक कोई गतिविधि नहीं दिखने पर मृतक की मां वहां पहुंचीं। उन्होंने एक कमरे में बहू को मृत अवस्था में फर्श पर पड़ा देखा, जबकि दूसरे कमरे में बेटे का शव फांसी के फंदे से लटका मिला। इसके बाद तत्काल पुलिस को सूचना दी गई।



पुलिस की प्रारंभिक जांच में मृतका के गले पर रस्सी जैसे निशान पाए गए हैं, जिससे मामला संदिग्ध माना जा रहा है। ऐसे में हत्या की आशंका से भी इनकार नहीं किया जा रहा है। वहीं पति का शव फंदे पर मिलने से आत्महत्या की संभावना भी जांच के दायरे में है। घटनास्थल से कोई सुसाइड नोट बरामद नहीं हुआ है। हालांकि पुलिस को एक मोबाइल फोन मिला है, जिसकी जांच की जा रही है। अधिकारियों का मानना है कि मोबाइल से मामले से जुड़े महत्वपूर्ण सुराग मिल सकते हैं। भिलाई नगर सीएसपी सत्य प्रकाश तिवारी ने बताया कि दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। मौत के वास्तविक कारणों का खुलासा पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही हो सकेगा। फिलहाल पुलिस सभी संभावित पहलुओं को ध्यान में रखकर जांच में जुटी हुई है।

### बिरादरी की बातें

चूहा- सुनती हो, टीएस सिंहदेव के भतीजे ने प्रदेश युवक कांग्रेस का चुनाव लड़ने से इंकार कर दिया है।

चुहिया- हां जी, वो जानते हैं अभी मौसम अनुकूल नहीं है।

### अवैध निर्माण हटाने पहुंची टीम बुलडोजर के आगे लेटी महिला 7 दुकानें हुई जमींदोज



**नारायणपुर, 15 जून (हाईवे चैनल)।** शहर को अतिक्रमण मुक्त बनाने नगर पालिका टीम ने सोमवार से कार्रवाई शुरू कर दी है. अभियान के तहत जय स्तंभ चौक क्षेत्र में बुलडोजर एक्शन देखना को मिला. इस दौरान एक महिला जेसीबी मशीन के सामने लेट गई. लोगों की भीड़ जुटने से क्षेत्र में काफी देर तक तनावपूर्ण स्थिति बनी रही। जानकारी के अनुसार, नगर पालिका और पुलिस की टीम फुटकर व्यवसायियों द्वारा किए गए अतिक्रमण हटाने पहुंची थी. कार्रवाई का विरोध करते हुए अतिक्रमणकारियों ने हंगामा शुरू कर दिया. एक महिला ने जेसीबी मशीन के सामने आकर कार्रवाई रोकने की कोशिश भी की. मौके पर अन्य लोग भी पहुंचकर विरोध करने लगे. तनावपूर्ण माहौल के कारण कार्रवाई कुछ देर के लिए बाधित रही।




CMYK